## एक नजर में

### मांगों को लेकर ओबीसी महासभा ने दिया ज्ञापन

**नवभारत न्यूज पलेरा। पिछड़ा वर्ग के अधिकारों और क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं के समाधान के लिए बुधवार को ओबीसी महासभा ने अपनी ताकत दिखाई। महासभा की जिला इकाई के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता तहसील कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने अपनी मांगों को लेकर हुंकार भरी। इस दौरान तहसीलदार पलेरा के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा गया।**

सटीक आंकड़ों के लिए जातिगत जनगणना जरूरी ज्ञापन में सबसे प्रमुख मांग आगामी राष्ट्रीय जनगणना को लेकर उठाई गई। महासभा का कहना है कि देश में ओबीसी वर्ग की वास्तविक स्थिति और संख्या स्पष्ट करने के लिए जनगणना फॉर्म में ओबीसी का अलग कॉलम जोड़ा जाना अनिवार्य है। पदाधिकारियों ने कहा कि बिना सटीक आंकड़ों के सामाजिक न्याय की परिकल्पना अधूरी है। आरक्षण और रुकी भर्तियों पर जोर प्रदेश स्तर की मांगों को लेकर ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि मध्य प्रदेश में भर्ती प्रक्रियाओं पर लगा होल्ड तत्काल हटाया जाए। संगठन ने सरकार से मांग की है कि पिछड़ा वर्ग को उनका संवैधानिक आरक्षण पूर्ण रूप से प्रदान किया जाए।

# अस्पताल में मौसमी बीमारियों के मरीजों में इजाफा

**सुबह से ओपीडी में लगने लगती लम्बी-लम्बी कतारें**

**ग्रामीण क्षेत्रों से रोजाना आ रहे हजारों मरीज**



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। शहर के जिला अस्पताल में इन दिनों मौसमी बीमारियों के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। मौसम में हो रहे बदलाव, तेज गर्मी, दूषित पानी और खानपान में लापरवाही के कारण वायरल फीवर, सर्दी-खांसी, उल्टी-दस्त, डायरिया और टायफाइड जैसी बीमारियों के मरीज बड़ी संख्या में अस्पताल पहुंच रहे हैं। पिछले कुछ दिनों में ओपीडी और इमरजेंसी वार्ड में मरीजों की भीड़ बढ़ने से अस्पताल प्रबंधन पर अतिरिक्त दबाव देखा जा रहा है। अस्पताल सूत्रों के अनुसार सुबह से ही मरीजों और उनके परिजनों की लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं।**

ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग इलाज कराने जिला अस्पताल पहुंच रहे हैं। सबसे अधिक परेशानी बच्चों और बुजुर्गों को हो रही है, जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होने के कारण वे जल्दी संक्रमण की चपेट में आ रहे हैं। डॉक्टरों का कहना है कि दिन में तेज गर्मी और रात में मौसम में अचानक बदलाव के कारण वायरल संक्रमण तेजी से फैल रहा है। अस्पताल में बुखार, बदन दर्द, गले में संक्रमण, पेट दर्द और डिहाइड्रेशन के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। कई मरीजों को भर्ती भी करना पड़ रहा है।अस्पताल के मेडिसिन वार्ड और बच्चों के वार्ड में बेड लगभग भरने की स्थिति में पहुंच गए हैं। कई मरीजों का उपचार वार्ड के बाहर बैठाकर भी किया जा रहा है। अस्पताल प्रबंधन द्वारा अतिरिक्त व्यवस्थाएं करने की कोशिश की जा रही है, ताकि मरीजों को परेशानी का सामना न करना पड़े। डॉक्टरों ने लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में बाहर का खुला भोजन खाने से बचें, अधिक मात्रा में पानी पिएं, साफ और ताजा भोजन का सेवन करें तथा बच्चों को धूप से बचाकर रखें। साथ ही बुखार या उल्टी-दस्त की शिकायत होने पर तुरंत चिकित्सक से संपर्क करने की अपील की गई है। ग्रामीण क्षेत्रों से आए मरीजों ने बताया कि कई गांवों में गंदे पानी और साफ-सफाई की कमी के कारण बीमारियां तेजी से फैल रही हैं। लोगों ने स्वास्थ्य विभाग से गांवों में स्वास्थ्य शिविर लगाने और दवाइयों की उपलब्धता बढ़ाने की मांग की है।स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि अस्पताल में दवाइयों और चिकित्सकों की पर्याप्त व्यवस्था करने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही लोगों को जागरूक करने के लिए स्वास्थ्य टीमों को भी सक्रिय किया गया है। मौसम में बदलाव के चलते आने वाले दिनों में मरीजों की संख्या और बढ़ सकती है, इसलिए स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर है। मौसम में हो रहे बदलाव, तेज गर्मी, दूषित पानी और खानपान में लापरवाही के कारण वायरल फीवर, सर्दी-खांसी, उल्टी-दस्त, डायरिया और टायफाइड जैसी बीमारियों के मरीज बड़ी संख्या में अस्पताल पहुंच रहे हैं। पिछले कुछ दिनों में ओपीडी और इमरजेंसी वार्ड में मरीजों की भीड़ बढ़ने से अस्पताल प्रबंधन पर अतिरिक्त दबाव देखा जा रहा है। अस्पताल सूत्रों के अनुसार सुबह से ही मरीजों और उनके परिजनों की लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं।

**वायरल फीवर, सर्दी-खांसी के आ रहे मरीज**

मौसम में बदलाव के चलते आने वाले दिनों में मरीजों की संख्या और बढ़ सकती है, इसलिए स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर है। मौसम में हो रहे बदलाव, तेज गर्मी, दूषित पानी और खानपान में लापरवाही के कारण वायरल फीवर, सर्दी-खांसी, उल्टी-दस्त, डायरिया और टायफाइड जैसी बीमारियों के मरीज बड़ी संख्या में अस्पताल पहुंच रहे हैं। पिछले कुछ दिनों में ओपीडी और इमरजेंसी वार्ड में मरीजों की भीड़ बढ़ने से अस्पताल प्रबंधन पर अतिरिक्त दबाव देखा जा रहा है। अस्पताल में सुबह से ही मरीजों की कतारें लगने लगती है।

**डॉक्टरों ने सावधानी बरतने की दी सलाह**

डॉक्टरों ने लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी है। गर्मी के मौसम में बाहर का खुला भोजन खाने से बचें, अधिक मात्रा में पानी पिएं, साफ और ताजा भोजन का सेवन करें तथा बच्चों को धूप से बचाकर रखें। बुखार या उल्टी-दस्त की शिकायत होने पर तुरंत चिकित्सक से संपर्क करने की अपील की गई है। ग्रामीण क्षेत्रों से आए मरीजों ने बताया कि कई गांवों में गंदे पानी और साफ-सफाई की कमी के कारण बीमारियां तेजी से फैल रही हैं। लोगों ने स्वास्थ्य विभाग से गांवों में स्वास्थ्य शिविर लगाने और दवाइयों की उपलब्धता बढ़ाने की मांग की है। स्वास्थ्य विभाग कहना है कि अस्पताल में दवाइयों और चिकित्सकों की पर्याप्त व्यवस्था है।

## युवक ने पेट्रोल डालकर की आत्महत्या



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। पलेरा क्षेत्र में एक 23 साल के युवक ने खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगाने का मामला सामने आया है। जिसमें गंभीर रूप से झुलसे युवक को प्राथमिक इलाज के बाद छतरपुर रेफर किया गया। वहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा तैयार कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है। इस घटना को लेकर तरह-तरह की बाते सामने निकलकर आ रही है। हालाकि पुलिस गंभीरता से मामले की जांच करने में लगी हुई है।**

पलेरा थाना प्रभारी प्रीति भार्गव के मुताबिक युवक का नाम राजाराम कुशवाहा था। उसने घर से कुछ दूरी पर यह कदम उठाया। आग की लपटें देखकर आसपास मौजूद ग्रामीण और परिजन मौके पर पहुंचे। उन्होंने तत्काल आग पर काबू पाया और गंभीर रूप से झुलसे युवक को पलेरा स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां से उसे छतरपुर भेज दिया गया था। युवक के पिता कालीचरण ने बताया- मेरे बेटे ने पेट्रोल डालकर आत्महत्या कर ली। वह तीन दिन से शराब पी रहा था। शराब के नशे में ही उसने खुद को आग लगा ली। उसका किसी से कोई विवाद नहीं था। उसने नशे में यह कदम उठाया। हम लोग उसे समझाते थे, बेटा मत पिया करो, लेकिन वह नहीं माना और उसने इस घटना को अंजाम दिया जिससे उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। जिसमें गंभीर रूप से झुलसे युवक को प्राथमिक इलाज के बाद छतरपुर रेफर किया गया। वहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा तैयार कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है। इस घटना को लेकर तरह-तरह की बाते सामने निकलकर आ रही है।

# आकाशीय बिजली के कहर ने ली दो बच्चियों की जान

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। दिगौड़ा थाना क्षेत्र में बीते रोज देर शाम को आकाशीय बिजली गिरने से दो बच्चियों की मौत हो गई। यह हादसा बैदौरा गांव में उस समय हुआ जब अचानक शुरू हुई बारिश से बचने के लिए दोनों बच्चियां एक आम के पेड़ के नीचे खड़ी हो गई थीं।**

बैदौरा निवासी बालाराम साहू की 8 वर्षीय पुत्री निबिया और बृजेन्द्र साहू की 8 वर्षीय पुत्री तन्वी साहू गांव के स्कूल के पास खड़ी थीं। इसी दौरान तेज कड़कड़ाहट के साथ पेड़ पर बिजली गिर गई। बच्चियों को गंभीर हालत में तत्काल दिगौड़ा अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर शवों को अस्पताल की मर्चुरी में रखवा दिया है। प्रशासन के अनुसार, बुधवार सुबह दोनों बच्चियों के शवों का पोस्टमार्टम कराया गया। पीएम उपरांत शव परिजनों को सौंप दिए गए है।

इस दुखद घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है ।वहीं थाना क्षेत्र के बछौड़ा गांव में बिजली गिरने से दो भैंसों की मौके पर ही मौत हो गई। राजस्व विभाग



की टीम ने नुकसान का आकलन कर राहत प्रकरण तैयार किया। दिगौड़ा थाना क्षेत्र में बीते रोज देर शाम को आकाशीय बिजली गिरने से दो बच्चियों की मौत हो गई। यह हादसा बैदौरा गांव में उस समय हुआ जब अचानक शुरू हुई बारिश से बचने के लिए दोनों बच्चियां एक आम के पेड़ के नीचे खड़ी हो गई थीं।

## पति ने पत्नी को पीटा

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। एक पति ने अपनी पत्नी की बीच सड़क पर पिटाई कर दी। इस घटना का सीसीटीवी सामने आया है। जिसमें आरोपी सरेराह महिला के साथ मारपीट करता दिख रहा है। पीड़ित महिला की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।**

जानकारी के मुताबिक जेल के सामने रहने वाली फराह कुरैशी किसी काम से पुष्पा स्कूल के पास वाली गली में गई थीं। वहां उनका पति अब्दुल सत्तार आ पहुंचा और पुराने मामलों में समझौता करने का दबाव बनाने लगा।

## मोहनगढ़ पुलिस ने नाबालिग बालिका को किया दस्तयाब

**नवभारत न्यूज, मोहनगढ़। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा जिले में गुम एवं अपहृत नाबालिग बालक-बालिकाओं की तलाश हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि थाना क्षेत्र की गुम नाबालिग बालिकाओं की तलाश में मुखबिर तंत्र को सक्रिय करते हुए साइबर सेल की सहायता लेकर त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।**

थाना मोहनगढ़ पुलिस द्वारा विशेष टीम गठित कर कार्रवाई की गई। थाना मोहनगढ़ में फरियादिया



द्वारा उसकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगाकर ले जाने संबंधी रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी, जिस पर थाना मोहनगढ़ में अपराध क्रमांक 110/2026 धारा 137(2) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए गठित पुलिस टीम द्वारा लगातार पतारसी, तकनीकी विश्लेषण एवं मुखबिर तंत्र की सहायता से तलाश की गई। अथक प्रयासों के परिणामस्वरूप अपहृत नाबालिग बालिका को मंदिर के पास बनी झुग्गियों से ग्राम धामनोद से दस्तयाब किया गया।

## जन स्वास्थ्य मानक का असेसमेंट

**नवभारत न्यूज,टीकमगढ़। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं राज्य स्तर से प्राप्त निर्देशों के क्रम में जिले की शहरी स्वास्थ्य संस्थाओं में गुणवत्ता मानकों के अनुरूप सेवाओं को सुदृढ़ करने हेतु डीपीएम,समस्त संस्था प्रभारी व जिला क्वालिटी मॉनिटर द्वारा चेक लिस्ट अनुसार आईपीएचएस भारतीय जन स्वास्थ्य मानक ऑनलाइन माध्यम से इंटरनल असेसमेंट किया जा रहा है।**

इसीक्रम में मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिकों का विस्तृत निरीक्षण कर रिकॉर्ड संधारण, मरीज हितैषी सेवाएं, स्वच्छता, दवा उपलब्धता, लैब सेवाएं, बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट एवं अन्य एनक्यूएएस मानकों का परीक्षण किया गया। असेसमेंट के दौरान चिन्हित बिंदुओं पर आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की गई।

# किराया मांगने पर टैक्सी चालक से मारपीट

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। झांसी मार्ग पर स्थित दिगौड़ा कस्बे में बुधवार को बस स्टैंड पर टैक्सी चालक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोपियों ने चालक का मोबाइल फोन भी छीन लिया। घटना का वीडियो भी सामने आया है। जानकारी के अनुसार दिगौड़ा निवासी 25 वर्षीय ओमप्रकाश रजक टैक्सी चलाते हैं। बुधवार को वह टीकमगढ़ से दिगौड़ा जा रहे थे। उनकी टैक्सी में कुर्राई निवासी धीरेंद्र यादव सवार था। जब चालक ने धीरेंद्र से किराए के पैसे मांगे तो वह विवाद करने लगा और मारपीट की घटना को उसने अंजाम दे डाला।**

दिगौड़ा बस स्टैंड पहुंचने पर ओमप्रकाश ने किराया मांगा, जिस पर विवाद हो गया। आरोप है कि धीरेंद्र यादव ने गाली-गलौज शुरू कर दी ।इसके बाद धीरेंद्र के भाई राघवेंद्र यादव और गौरव यादव



मौके पर पहुंचे और तीनों ने मिलकर ओमप्रकाश के साथ मारपीट की। आसपास मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। पीड़ित चालक का आरोप है कि मारपीट के बाद आरोपी उसका मोबाइल फोन लेकर भाग गए। घटना के बाद ओमप्रकाश ने दिगौड़ा थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने वीडियो के आधार पर तीनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। दिगौड़ा कस्बे में बुधवार को बस स्टैंड पर टैक्सी चालक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोपियों ने चालक का मोबाइल फोन भी छीन लिया। घटना का वीडियो भी सामने आया है। जानकारी के अनुसार दिगौड़ा निवासी 25 वर्षीय ओमप्रकाश रजक टैक्सी चलाते हैं। बुधवार को वह टीकमगढ़ से दिगौड़ा जा रहे थे।

# तीन दिनों से दिन और रात के तापमान में वृद्धि दर्ज

**मौसम में रहेगी 30 प्रतिशत आर्द्रता**

**गर्म हवाओं के चलते लोगों में गर्मी का अनुभव**

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। पिछले तीन दिनों से दिन और रात के तापमान में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 42 डिग्री और न्यूनतम तापमान 26.5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। आज सुबह से तेज धूप निकली है और सुबह करीब 9:30 बजे तापमान 38 डिग्री पर पहुंच गया था। दोपहर 2 बजे तक तापमान 43 डिग्री तक पहुंचने की संभावना है। आज मौसम में 30 प्रतिशत आर्द्रता रहेगी।**

भू अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, रविवार को अधिकतम तापमान



39.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 25.5 डिग्री था। यह बढ़कर मंगलवार को अधिकतम 42 डिग्री और न्यूनतम 26.5 डिग्री पर पहुंच गया। हालांकि, मंगलवार शाम जिले के कुछ हिस्सों में गरज-चमक के साथ बारिश भी हुई थी ।मौसम विभाग ने आज शाम एक बार फिर मौसम में बदलाव के संकेत दिए हैं। मौसम विभाग के अनुसार, अगले तीन से चार दिनों तक अधिकतम तापमान 42 से 43 डिग्री और न्यूनतम तापमान 26 से 28 डिग्री के बीच रहने की संभावना है। आगामी सोमवार से अधिकतम तापमान बढ़कर 44 से 45 डिग्री तक पहुंच जाएगा। सुबह से तेज धूप और दिनभर गर्म हवाओं के चलते लोगों को एक बार फिर भीषण गर्मी का अनुभव हो रहा है।

उमस के कारण गर्मी का प्रभाव अधिक महसूस किया जा रहा है। पिछले तीन दिनों से दिन और रात के तापमान में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 42 डिग्री और न्यूनतम तापमान 26.5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। आज सुबह से तेज धूप निकली है और सुबह करीब 9:30 बजे तापमान 38 डिग्री पर पहुंच गया था। दोपहर 2 बजे तक तापमान 43 डिग्री तक पहुंचने की संभावना है। आज मौसम में 30 प्रतिशत आर्द्रता रहेगी। मौसम विभाग के अनुसार, सोमवार को हवा में 26 प्रतिशत आर्द्रता रहेगी। आज अधिकतम तापमान 39 से 40 डिग्री और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री रहने की संभावना है। तापमान 42 डिग्री और न्यूनतम तापमान 29 डिग्री तक पहुंचने का अनुमान है। शनिवार तक अधिकतम तापमान 42 डिग्री के आसपास बना रहेगा। अगले रविवार से तापमान में और अधिक वृद्धि होगी।

**हादसा** — दिगौड़ा के पटाखा व्यापारी के घर हुआ था हादसा

# मकान में हुए विस्फोट में घायल युवक ने उपचार के दौरान तोड़ा दम

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। दिगौड़ा कस्बे में मंगलवार दोपहर करीब 4 बजे एक पटाखा व्यापारी के मकान में जोरदार विस्फोट के बाद आग लग गई। इस घटना में दो लोग गंभीर रूप से झुलस गए, जिनमें से एक को गंभीर हालत में झांसी रेफर किया गया है। जहां उपचार के दौरान प्रभुदयाल के छोटे बेटे बंटी उर्फ जितेंद्र कायस्थ की मौत हो गई।**

यह हादसा दिगौड़ा के मेन मार्केट स्थित पटाखा व्यापारी प्रभुदयाल कायस्थ के मकान की तीसरी मंजिल पर हुआ। विस्फोट के बाद तीसरी मंजिल पर बने टपरे में भीषण आग लग गई। घटना में प्रभुदयाल के छोटे बेटे बंटी उर्फ जितेंद्र कायस्थ और वेल्डिंग का काम कर रहे रोशन झां घायल हो गए। बंटी की हालत गंभीर होने के कारण उसे जिला अस्पताल से



झांसी रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार मकान की तीसरी मंजिल पर निर्माण कार्य चल रहा था, जहां बंटी और रोशन वेल्डिंग का काम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक आग लगी और विस्फोट हुआ। मौके पर मौजूद लोगों का कहना है कि यह विस्फोट पटाखों के कारण हुआ था। घटना की सूचना मिलते ही तहसीलदार प्राची जैन राजस्व कर्मचारियों के साथ और थाना प्रभारी मनीष मिश्रा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। लिधौरा और कारी से आई फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई और एसडीओपी अभिषेक गौतम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच के निर्देश दिए हैं। पुलिस और प्रशासन मामले की जांच कर रहे हैं। हादसा दिगौड़ा के मेन मार्केट स्थित पटाखा व्यापारी प्रभुदयाल कायस्थ के मकान की तीसरी मंजिल पर हुआ। विस्फोट के बाद तीसरी मंजिल पर बने टपरे में भीषण आग लग गई थी। इस घटना में प्रभुदयाल के छोटे बेटे बंटी उर्फ जितेंद्र कायस्थ और वेल्डिंग का काम कर रहे रोशन झां घायल हो गए थे ।घायलों में जितेंद्र कायस्थ की हालत गंभीर थी, जिसे जिला अस्पताल से झांसी रेफर किया गया था। झांसी में इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया ।जानकारी के अनुसार, मकान की तीसरी मंजिल पर निर्माण कार्य चल रहा था। बंटी और रोशन वहां वेल्डिंग का काम कर रहे थे, तभी अचानक आग लगी और विस्फोट हो गया। दिगौड़ा थाना प्रभारी मनीष मिश्रा ने बताया कि घटना के कारणों की जांच की जा रही है। परिजनों ने बताया कि झांसी में पोस्टमार्टम के बाद शव को दिगौड़ा लाकर अंतिम संस्कार किया गया।

**अधिकारियों ने घटनास्थल का किया निरीक्षण**

घटना की सूचना मिलते ही तहसीलदार प्राची जैन राजस्व कर्मचारियों के साथ और थाना प्रभारी मनीष मिश्रा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। लिधौरा और कारी से आई फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई और एसडीओपी अभिषेक गौतम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच के निर्देश दिए हैं।

## सीएमओ ने शहर में कराई सफाई

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। नगर पालिका अधिकारी ओमपाल सिंह भदौरिया द्वारा आज स्वच्छता सर्वेक्षण अन्तर्गत शहर का भ्रमण कर वार्ड नं 02 पुरानी टेहरी मुहल्ला में विशेष नाली सफ़ाई अभियान चलाकर नालियों की सफ़ाई करायी गई। साथ ही पानी की टंकी के पास ऊपर बाली सड़क, पुल के पास की सफाई करा कर तत्काल कचरा उठवाया गया एवं राजेन्द्र पार्क की सफाई व्यवस्था देखी।**

उन्होंने वार्डवासियों तथा आम नागरिकों से शहर की सफ़ाई व्यवस्था मे सहयोग प्रदान करने की अपील की। इसीप्रकार वार्ड नं. 16 मे डॉ अशोक कुमार साहू की गली की नाली सफ़ाई एवं पुराना बस स्टैंड डी पी के पास की सफ़ाई, वार्ड 11 बाहर कोट हरिजन बस्ती में सफाई एवं मिश्रा चौराहा बी बाजार के पास की सफाई कराकर तत्काल कचरा उठवाया गया।

## अधिकारियों ने ग्रामीणों की सुनीं समस्याएं




**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। प्रशासन गांव की ओर योजना अंतर्गत आज नोडल अधिकारियों द्वारा अलग-अलग ग्राम पंचायतों में जनसुनवाई के दौरान आमजन से प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं को सुना गया। साथ ही समस्याओं के निराकरण हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्रेषित किया गया। जनसुनवाई के दौरान जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा आबंटित की गई ग्राम पंचायतों में भ्रमण किया गया।**

जनसुनवाई के दौरान संबंधित अधिकारियों द्वारा शासकीय विद्यालयों में शालाओं में संचालित स्मार्ट क्लास का निरीक्षण किया। साथ ही अधिकारियों द्वारा एमडीएम, समग्र-ईकेवाईसी की प्रगति, ग्राम पंचायतों में सचिव,जीआरएस तथा नगरीय क्षेत्रों में वार्ड प्रभारी की उपस्थिति, पटवारी की उपस्थिति, शालाओं में बालिकाओं हेतु टॉयलेट, गाँव में टीकाकरण एवं आशा की उपस्थिति, 70 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के आयुष्मान कार्ड की प्रगति, पीडीएस का निरीक्षण कर जानकारी ली गई।